रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक -1.7.2022

प्रेस विज्ञप्ति

रेलटेल के स्टाल ने आईआरएसई अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी और प्रदर्शनी 2022, भारत में अपनी सेवाओं और परियोजनाओं का प्रदर्शन किया।
यह कार्यक्रम दिल्ली में इंस्टीट्यूशन ऑफ रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स (IRSE), UK द्वारा IRSE (भारतीय खंड) और रेलवे सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर्स संस्थान (IRS & TE), (भारत) और भारतीय रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) के सहयोग से आयोजित किया गया था।

****

रेलटेल ने आईआरएसई अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी संगोष्ठी और प्रदर्शनी 2022 में एक स्टाल लगाया है। इस संगोष्ठी और प्रदर्शनी का आयोजन दिल्ली में रेलवे सिग्नल इंजीनियर्स संस्थान (आईआरएसई), UK द्वारा आईआरएसई (भारतीय अनुभाग) और रेलवे सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियरों के संस्थान और रेलवे मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है। प्रदर्शनी 30 जून- 1 जुलाई 2022 को आयोजित की गई थी।

केंद्रीय रेल और कपड़ा राज्य मंत्री, श्रीमती दर्शन जरदोश ने स्टाल का उद्घाटन किया और डिजिटल डिवाइड को पाटने में रेलटेल की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर रेलटेल की CMD श्रीमती अरुणा सिंह, डायरेक्टर (NPM) श्री संजय कुमार, IRSE के एवं रेलवे के अधिकारी उपस्तिथ थे। आयोजन के 2 दिनों के दौरान रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ, श्री वी.के त्रिपाठी सहित कई उच्च स्तरीय गणमान्य व्यक्तियों ने रेलटेल स्टाल का दौरा किया।

रेलटेल का स्टॉल पोस्टर और पैनल के माध्यम से अपनी सेवाओं और परियोजनाओं को दर्शाता है। दर्शाई गई परियोजनाओं में शामिल हैं: स्टेशन वाई-फाई परियोजना, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली, रेलवे प्रदर्शन नेटवर्क और वीडियो निगरानी प्रणाली । स्टाल में प्रमुखता से दर्शाया गया है- देश में अपनी ब्रॉडबैंड सेवाओं "रेलवायर" के माध्यम से हाई स्पीड इंटरनेट प्रदान करने में रेलटेल की भूमिका, भारतीय रेलवे के लिए डिजिटल परिवर्तन और सिग्नलिंग और दूरसंचार के आधुनिकीकरण में रेलटेल की भूमिका, रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए कंटेंट ऑन डिमांड और रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क पर सामग्री प्रदान करने में रेलटेल की भूमिका ।

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अधीन एक "मिनी रत्न(श्रेणी-I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना और आईसीटी साल्यूशन्स और सेवा प्रदाताओं में से एक है ,जिसके पास देश के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक मार्गकिलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास इलैक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिका मंत्रालय के पैनलबद्ध दो टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस

वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन,डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल भारतीय रेलवे के साथ मिलकर देश भर में रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भी कार्य कर रहा है और 6100 से अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए :

sucharita@railtelindia.com